औलाद छोड़ गए

'मुझे लगता है कि अच्छाई और ईमानदारी का पुनर्जन्म हो या न हो लेकिन बुराई, धोखाधड़ी और चापलूसी बार बार जन्म लेते हैं। तर्क सीधा है कि अच्छी बातें मोक्ष और स्वर्ग को पाती हैं, जबकि बुराइयाँ अपने कर्म को भोगने पुनः जन्म लेती हैं और बस यह सिलसिला यूं ही चलता रहता है। '

'भैया! आज अचानक पुनर्जन्म, पाप, मोक्ष कैसे? क्या सुबह सुबह किसी संत बाबा का प्रवचन सुनके आ रहे हैं या व्हाट्सअप पर ज्ञानी योगियों ने ऐसी कोई पोस्ट डाली है, गुड मॉर्निंग के बाद? '

'न छोटू! न। चार पाँच दिनों से टीवी पर समाचार और उनके थंबनेल यानी की स्नाइड्स देख देख कर मुझे विशेष मीडिया के करतूतों की वजह से ऐसा सोचना पड़ रहा है। बात को बतंगड़ से आगे बहुत आगे ले जाया जा रहा है। मतलब चीजों को दूरबीन से देखना, राई का पहाड़ बनाना, जोड़ना कहीं की ईंट और कहीं के रोड़े को और पंचमेल खिचड़ी बनाकर लोगों को परोसना जिससे लोग कुछ समझे बिना अपने दिमाग को चकरघिन्नी सा घूमते देखना...। बस यही चल रहा है। पहले चापलूसी तीस से चालीस प्रतिशत होती थी जो अब बढ़कर सत्तर अस्सी प्रतिशत हो रही है। '

'मतलब काम की बातें कम और मस्का मारी और चापलूसी अधिक हो रही है। भैया! यह तो पहले से ही जारी है। नया तो यह है कि बटरिंग यानी मस्के का प्रतिशत बढ़ गया है। '

'कुछ लोगों की सोच कुंद हो गई है। अंध भक्ति में ऐसे लिपटे हैं जैसे इससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होगी, भले ही समाज जाये कहीं भी। इस बीच तथाकथित अनपढ़ संत, महात्मा, बाबाओं की तो जैसे बाढ़ आ गई है। ऐसे लगता है किसी ने मधुमक्खी के छत्ते को छेड़ा है और मधुमक्खियों की तरह इन प्रवचनकर्ताओं की भीड़ आन पड़ी है। सब अपने आपको महान विद्वान कहते हैं और किसी एक प्रश्न से बिदक जाते हैं। '

'लोगों में यह गलतफहमी पूरी तरह घर कर गई है की इन्हीं के शरण में उन्हें मुक्ति मिलेगी, समस्याओं से लडने की शक्ति मिलेगी। इससे उनका धंधा पानी जोरों से चल निकला है। परिणाम यह की हर गली मोहल्लों में रोज एक नए संत का उद्भव हो रहा है। '

'हम जिस वैज्ञानिक सोच और दृष्टिकोण की बात संविधान में पाते हैं, उसका तो सत्यानाश हो रहा है। '

आप भी कहाँ हो? यहाँ, इतिहास, भूगोल को जब समाधिस्थ कर नए इतिहास का सृजन कर रहे हैं ऐसे में आपको संविधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की पड़ी है।

भोजशाला : हजारों हिंदू सत्याग्रही पहुंचे, पूजा-अर्चना कर यज्ञ में दी आहुति

धार से ज्ञानेंद्र त्रिपाठी

धार की भोजशाला में प्रति मंगलवार को होने वाले सत्याग्रह के तहत आज हजारों की संख्या में सर्व हिन्दू समाज के व्यक्ति शामिल हुए। शुक्रवार को आने वाली बसंत पंचमी से पहले आज बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू का पहुंचना शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा गया।

मंगलवार को धार की भोजशाला में बसंत पंचमी से पहले माहौल में काफी सरगर्मी है। हिंदू समाज में आज मंगलवार को भारी उत्साह देखा गया जहां बसंत पंचमी (23 जनवरी) से ठीक पहले पड़ने वाले इस मंगलवार को हजारों की संख्या में हिन्दू श्रद्धालु और संगठन के कार्यकर्ता भोजशाला पहुंचे। श्रद्धालु सुबह से ही भोजशाला परिसर में पहुंचना शुरू हो चुके थे सभी ने सत्याग्रह, हवन-पूजन के साथ सुंदरकांड का सामूहिक पाठ भी किया। इस अवसर पर संत श्री कृष्ण गोपाल दास जी महाराज एवं अखिल भारतीय दलित समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन परमार बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री परमार ने कहा किअब हिंदू समाज का सब्र और धैर्य का बांध टूट चुका है इसमें हम किसी प्रकार का विघ्न बर्दाश्त नहीं करेंगे सकल हिंदू समाज से पुनः निवेदन है की स परिवार अखण्ड पूजा में पधार कर इस महायज्ञ और हमारे सनातन हिंदू समाज के पावन पर्व पर उपस्थित होकर इस यज्ञ में आहुति प्रदान कर मां वाग्देवी की आराधना और अखंड पूजा सूर्योदय से सूर्यास्त तक करें आज मंगलवार के सत्याग्रह में हवन पूजन हनुमान चालीसा एवं सुंदर पाठ का सामूहिक पाठ श्रद्धालुओ के साथ-साथ छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी अपनी सहभागिता मां वाग्देवी के चरणों में की। बड़ी संख्या में हिंदू समाज उपस्थित होकर आने वाले बसंत पंचमी के अवसर पर अखंड पूजा दृढ़ संकल्प लिए हुए हिंदू समाज ने आज एक संदेश दिया है अखंड पूजा की शुरुआत विशाल आव्हान वाहन रैली से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर और बाल मनुहार यात्रा ओर आगामी मातृ कलश यात्रा से प्रेरित होकर सत्याग्रह स्थल पर समस्त हिंदू समाज ने हुंकार भरी। संत श्री कृष्ण दास जी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अखंड पूजा अर्चना ही हमारा मुख्य संकल्प है। ज्ञात रहे कीआने वाली 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी पर हिन्दू पक्ष और भोज उत्सव समिति का कहना है कि वे इस बार बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक 'अखंड पूजा' करेंगे। आज के सत्याग्रह के माध्यम से उन्होंने प्रशासन को अपनी इस मांग के प्रति दृढ़ता दिखाई है। वही मुस्लिम समाज सांकेतिक नमाज पर अपनी सहमति दिखा रहा है। मंगलवार की भारी जन समुदाय की उपस्थित को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। धार शहर में जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है और बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इस बीच, हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 23 जनवरी को जुमे की नमाज पर रोक लगाने और हिन्दुओं को विशेष रूप से अखंड पूजा की अनुमति देने की मांग की है।

जाति हमारी कोई भी हो, धर्म हिन्दू है- गोपालकृष्ण महाराज

केशवी मंडल में हिन्दू सम्मेलन संपन्न हजारे की संख्या में पहुंचे जनजातिय हिन्दू समाजजन

अमझेरा (विक्रमसिंह राठौर)। सोमवार को अमझेरा खण्ड के केशवी मंडल में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय संत गोपालकृष्णजी महाराज ने हजारो की संख्या में उपस्थित जनजातिय हिन्दू बंधुओ को अपना उद्बोधन देते हुए बताया कि हमारी जातियाँ अलग-अलग हो सकती है लेकिन हमारा धर्म केवल हिन्दू है हम सभी भारतमाता की संताने है क्योंकि पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जिसे भारतमाता कहा जाता है जहाँ गाय की रक्षा की जाती है पेड़ पौधो और नदियो की पूजा की जाती । उन्हौने हिंदू सम्मेलन किये जाने पर बताया कि जो हमारे बीच में जो छद्म हिन्दू बनकर रह रहे है उन्हे पहचाने की आवश्यकता है जो हमारे बीच में रहकर ही हमारे धर्म तो तोड़ रहा है हमारे लोगो को दुसरे धर्म से जोडने का काम कर रहा है ऐसे लोगो को पहचान कर उन्हे जड़ से उखाड़ फेकना है तभी हम बोल सकेंगे की धर्म की जय हो अर्धम का नाश हो।

उन्होंने आदिवासी शब्द को परिभाषित करते हुए बताया कि जो आदिवासी जातिसुचक नहीं बल्कि समयसूचक शब्द है जो आदि काल से यहाँ वास कर रहा है वह आदिवासी है और यह आदिवासी शब्द भगवान शिव शंभु का भी एक नाम है। उन्हौने बिरसा मुंडा,टन्ट्या मामा के बलिदान के बारे में बताया कि किस तरह से उन्हे अंग्रेजो ने अपना धर्म अपनाने के लिए यातनाएँ दी लेकिन उन्हौने अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया लेकिन अपना धर्म नहीं बदला धन्य है हमारे पूर्वज जिन्होने अपने धर्म के की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये लेकिन अपना हिन्दूत्व नहीं छोड़ा अपना धर्म नहीं बदला ये उनके बलिदान का ही परिणाम है कि आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे है। आज भी कई विदर्भी लोग लालच देकर हमारे बिच धर्मांतरण कराने का काम कर रहे है । इसके साथ ही उन्होने भोजशाला के बारे में भी बताया कि भोजशाला एक ऐसा गुरूकुल था जहाँ माँ वाग्देवी सरस्वती माता की भव्य प्रतिमा स्थित थी जिनका वर्ष में एक बार बसंत पंचमी पर अभिषेक किया जाता था जिसका जल अलक कुंईया में एकत्रित होता था जिसका जल कमजोर विद्यार्थीयों को पिलाया जाता था जिससे उनकी बुद्धि जागृत हो जाती थी । उन्हौने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थीयों को बताया कि कभी धुप में अपनी कमर पर हाथ रखकर देखना उसकी परछाई में अपने भारत का मानचित्र दिखाई देगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में धार विभाग विभाग संघसंचालक भूपेन्द्रजी कसेरा, ने अपने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारे बीच में जो हिन्दू का चोला ओढ़कर कालनेमी की तरह रहकर हमारे हिन्दू धर्म को तोड़ने का कार्य कर रहे है ऐसे अधर्मीयों को खदेड़ देना है। ज्योती सोनी राष्ट्रीय सेविका समिति विभाग कार्यवाहीका के द्वारा संघ के द्वारा चलाये जा रहे पंचपरिवर्तन के बारे में बताया गया एवं मंच पर हिन्दू सम्मेलन के संयोजक करणसिंह कलारे,छगन मसार एवं संत मोहनदास महाराज कड़दा आदि मोजुद रहे तथा कार्यक्रम के अंत में सभी के द्वारा भारतमाता की आरती उतारी गई एवं सहभोज का आयोजन भी किया गया । अतिथियों का स्वागत जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा,गोविंद भुरिया,कलामसिंह बामनिया, उमा कलारे आदि के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन सुनील पटेल के द्वारा किया गया ।

बाग में सशस्त्र पुलिस बल का फ्लैग मार्च 200 से अधिक जवान शामिल

बाग। धार में 23 जनवरी 2026 को भोजशाला में बसंत पंचमी पर्व के आयोजन ओर जुम्मे की नमाज के एक साथ होने को लेकर जिले भर में पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है । ओर लगातार जनता को शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान ना देने का संदेश दे रही है । इसी कड़ी में मंगलवार को बाग नगर में सशस्त्र पुलिस बल (ब्लक्ष) का फ्लैग मार्च निकाला गया । यह फ्लैग मार्च एसडीओपी सुनील गुप्ता व बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान के नेतृत्व में निकाला गया । जिसमें 200 से अधिक जवान शामिल हुए।

इस फ्लेग मार्च का मुख्य उद्देश्य यही था की त्योहारों के अवसर पर लोगों को शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना के संदेश देना था । इसके माध्यम से असामाजिक तत्वों को भी कड़ी चेतावनी दी गई। यह फ्लैग मार्च नगर के संवेदनशील मोहल्लों से निकलते हुए थाना प्रांगण में समापन हुआ । इस दौरान एसडीओपी सुनील गुप्ता नू बताया की स्थानीय थाना बल के साथ सशस्त्र पुलिस बल भी इस फ्लेग मार्च में शामिल रहा । उनके द्वारा यह अपील भी की गई की त्योहारों के चलते शांति और सोहार्द बनाए रखने के लिए यह फ्लेग मार्च निकाला गया है । साथ ही एसडीओपी गुप्ता ने यह भी किया की शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा कानून व्यवस्था और शांति भंग असामाजिक तत्वों को पुलिस सख्ती से निपटेगी पुलिस प्रशासन बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुरी तरह सजग है । इस फ्लैग मार्च मे तहसीलदार प्रवीण पाटीदार भी मौजूद रहे।

निशुल्क होगा दंत परीक्षण

धार। नगर की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारी और जवानों का दंत परीक्षण निशुल्क किया जायेगा। जानकारी देते हुए डॉ अमर , विधि त्रिवेदी ने बताया की शहर में दूर दूर से पुलिस बल आया है। सभी दिन रात हर घोंसले पर तैनात है। ठंड में दांतो में सेंसिटिविटी आ जाति है। जिससे तीखा दर्द हो सकता हैं । जिसके चलते सभी पुलिस अधिकारी, जवानों के दंत परीक्षण निशुल्क किया जायेगा। साथ ही दवा गोली में छुट दी जाएगी। इस मामले में डॉ अमर त्रिवेदी ने नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुगावल जग्गा को पत्र भी सोपा है। अधिकारी, जवान् परीक्षण कराने महाजन हॉस्पिटल के सामने राधा कृष्ण मार्केट में त्रिवेदी क्लिनिक पर आ सकते है।

तेंदुआ की मौत, जांच जारी

धार। वन मंडलाधिकारी धार द्वारा बताया गया है कि वनभूमि आरक्षित वन क्षेत्र, कक्ष क्रमांक 19, बीट पाडल्या, वन परिक्षेत्र बाग, वनमंडल धार अंतर्गत एक वन्यजीव तेंदुआ (नर) की मृत्यु की घटना शनिवार 17 जनवरी 2026 को प्रकाश में आई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही एनटीसीए, नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आसपास सघन छानबीन की गई। तेंदुआ का पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों डॉ. सुनील बडोले, डॉ. दामोदर गेहलोद एवं डॉ. दिनेश मुझाल्दा द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुआ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। चिकित्सकों द्वारा प्रथम दृष्टया तेंदुआ की मृत्यु भूख एवं सामान्य कारणों से होना बताया गया है। वन मंडलाधिकारी धार द्वारा बताया गया कि उक्त घटना में सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए त्वरित एवं पारदर्शी कार्यवाही की गई है। प्रथम दृष्टया तेंदुआ की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से प्रतीत होती है, तथापि प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है तथा जांच उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार तेंदुआ के शव का दाह-संस्कार/भस्मीकरण श्री सुनील सुलिया, उप वनमंडल अधिकारी सरदारपुर, श्री होशियार सिंह कन्नौजे, वन परिक्षेत्राधिकारी बाग, श्री एन.टी. जमरे तहसीलदार कुक्षी, श्री धर्मेन्द्र बामनिया (स्थानीय वन्यजीव विशेषज्ञ/सरपंच बाग), श्री अर्जुन चौहान (सरपंच जामनियापुरा) एवं वन परिक्षेत्र बाग/टाण्डा के समस्त वन अमले की उपस्थिति में किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

जमीन का नक्शा सुधारने के लिए मांगे थे 50 हजार

इंदौर। लोकायुक्त पुलिस इन्दौर ने एक ट्रेप कार्रवाई कर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी सुनील बेनल पिता फूलसिंह को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने जमीन मालिक से जमीन का नक्शा सुधारने के लिए रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय के अनुसार फरियादी नारायणसिंह परिहार ग्राम भीमपुरा तहसील बदनावर का रहने वाला है तथा खेतीबाडी करता है। उसकी ग्राम भीमपुरा में पुस्तैनी कृषि भूमि है। मौका कब्जा अनुसार नक्शा प्रदर्शित नहीं होने से फरियादी ने त्रुटियों को दुरुस्थ करने हेतु लगभग डेढ वर्ष पहले एसडीएम कार्यालय बदनावर में आवेदन दिया था। एसडीएम कार्यालय में आवेदन पत्र पर डेढ वर्ष तक कार्रवाई नहीं होने पर फरियादी पटवारी हल्का नम्बर 47 (नया-75) वनवासा तहसील बदनावर जिला धार के पटवारी सुनील बेनल से उसने सम्पर्क किया था। सुनील बेनल नायब तहसीलदार टप्पा छोटा नागदा बदनावर (धार) में पदस्थ है। पटवारी बेनल ने फरियादी का नक्शा सुधार करने संबंधी फाईल एसडीएम कार्यालय बदनावर भिजवाने के बदले 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। इस पर फरियादी ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी डॉ. सहाय से की। शिकायत सत्यापन उपरांत लोकायुक्त इंस्पेक्टर सचिन पटेरिया के नेतृत्व में टीम का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से टीम ने पटवारी बेनल को फरियादी से 20,000 रुपए रिश्वत राशि लेते रंगेहाथ पकड़ उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

सिर्वी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 को

मनावर (इंदौर समाचार)। ग्राम जाजमखेड़ी में अखिल भारतीय सिर्वी महासभा का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है।समाज के मीडिया प्रभारी सोहनलाल काग ने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित यह सांतवा सामूहिक विवाह सम्मेलन है। सम्मेलन ग्राम जाजमखेड़ी की सिर्वी समाज की धर्मशाला में संपन्न होगा। 23 जनवरी बसंत पंचमी को प्रातः से ही कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जिसमें गणेश पूजन,मंडप प्रतिष्ठा, प्रीति भोज के बाद समाज के जोड़ों का शुभ विवाह दोपहर में विधि विधान से संपन्न होगा। सम्मेलन में कुक्षी,मनावर और गंधवानी तहसील के विवाह योग्य जोड़े शामिल हों रहें हैं।अखिल भारतीय सिर्वी महासभा ने इस विवाह सम्मेलन में गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों को भी आमंत्रित किया है।

अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंकों की डीएलसीसी की बैठक संपन्न

धार। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अपर कलेक्टर संजीव केशव पांडे की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में समय 4.00 बजे तृतीय की तिमाही जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन की शासकीय योजनाओं के विषय में प्रधानमंत्री कुसुम ब योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, संकल्प से समाधान शिविर, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम योजना, उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा, योजना स्टैंड अप इंडिया, पीएमएफएमई, मछली पालन, डेरी पशुपालन योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं ,आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह , डे एनयूएलएम विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

पाण्डे के द्वारा बैंक को निर्देश दिए कि समय के साथ जिले के शासकीय ऋण योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करें ,आर आर सी वसूली प्रशासन के माध्यम से करवाने हेतु सभी बैंकर्स को अपर कलेक्टर के द्वारा निर्देशित किया गया एवं भारत सरकार की सोशल सिक्योरिटी योजना जो बीमा से संबंधित, अग्रणी जिला प्रबंधक बलराम बैरागी ने सभी सरकारी योजनाओं के लक्ष्यों को पूर्ण कर खाताधारकों को जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए सभी हितग्राहियों अप्रिय घटना होने पर इसका लाभ मिल सके। बैठक में डीपीएम प्रमोद दुसाने ने एनआरएलएम के टारगेट को पूरा करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सिटी मिशन प्रबंधक कृष्णकांत खोड़े जीएम डीआईसी शैलेंद्र कुमार चौहान, डीडीएम सौदामिनी मैंकर नाबार्ड के एमपीजीबी आकाश खंडेलवाल एसबीआई , डीडी पशु चिकत्सा राकेश सिंह सिसोदिया, सहायक संचालक मत्स्य टीएस चौहान, डीडीए जीएस मोहनिया, डीडीएच नीरज सांवलिया, आरसेटी निदेशक कालीचरण सेमें, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय सहायक विवेक पांडर तथा जिले की सभी बैंकों के समन्वयक अन्य सभी विभागों के प्रमुखों की उपस्थिति रही।

आनंद उत्सव में हो रहा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

निसरपुर। शासन के निर्देशानुसार जिले में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव में जिले के ग्रामों एवं नगरी निकायों में बच्चों बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। सोमवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय एवं शासकीय मॉडल विद्यालय का संयुक्त कार्यक्रम स्कूल मैदान पर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न पारंपरिक खेल रस्सा खींच खो खो कबड्डी आदि कार्यक्रम संपन्न करवाए गए। संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य दिनेश चंद पाटीदार ने बताया कि बच्चों को विभिन्न पारंपरिक खेल आयोजन संपन्न करवाए गए। आनंद उत्सव में उत्साह के साथ सहभागिता कर पारंपरिक खेलों का आनंद ले रहे हैं इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।